## प्रादेशिक समाचार
## दिनांक – 09.02.2026 (संध्या–1900 बजे)

मुख्य समाचार

1. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम में विद्यार्थियों से की बातचीत, परीक्षा से आगे सोचने और जीवन कौशल, खेल, रचनात्मकता और आत्म–विकास पर ध्यान केंद्रित करने के लिए किया प्रेरित।
2. झारखंड उच्च न्यायालय ने इडी के अधिकारियों के विरुद्ध पुलिस जांच और दंडात्मक कार्रवाई पर लगी रोक को रखा बरकरार, विस्तृत सुनवाई 17 फरवरी को।
3. राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को लिखा पत्र, रांची से ऋषिकेश तक नई ट्रेन शुरू करने का किया आग्रह।
4. रांची, गुमला और लोहरदगा समेत राज्य के 14 जिलों में कल से फाइलेरिया उन्मूलन को लेकर चलेगा विशेष अभियान, 25 फरवरी तक घर–घर जाकर दी जायेगी खुराक।
5. बंगलुरू में आयोजित उनहतरवीं राष्ट्रीय स्कूली बॉक्सिंग प्रतियोगिता में झारखंड की खिलाड़ियों का दमदार प्रदर्शन, तीन पदकों पर जमाया कब्जा।

***************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लोकप्रिय संवाद कार्यक्रम परीक्षा पे चर्चा के 9वें संस्करण के दौरान विद्यार्थियों से बातचीत की। आज जारी किए गए इसके दूसरे वीडियो में उन्होंने परीक्षा के दौरान तनाव और चिंता से निपटने के तरीकों पर बातचीत की। श्री मोदी ने विद्यार्थियों को परीक्षाओं से परे देखने और जीवन कौशल, खेल, रचनात्मकता तथा आत्म–विकास पर ध्यान केंद्रित करने के लिए भी प्रेरित किया।

***************

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू ने केन्द्रीय बजट को विकसित भारत की ओर बड़ा कदम बताया है। गिरिडीह में प्रेस कांफ्रेंस आयोजित कर उन्होंने कहा कि यह बजट विकासोन्मुख है, जिसमें सभी वर्गों का ध्यान रखा गया है।

श्री साहु ने राज्य की कानून–व्यवस्था को लेकर सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने मेयर प्रत्याशी डॉ. शैलेंद्र चौधरी की जीत के लिए रणनीति बनाई। इस दौरान विधायक मंजू कुमारी और राज पालीवाल समेत कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे।

***************

झारखंड उच्च न्यायालय ने प्रवर्तन निदेशालय, इडी के अधिकारियों के विरुद्ध पुलिस जांच एवं किसी भी प्रकार की दंडात्मक कार्रवाई पर लगी रोक को अगले आदेश तक बढ़ा दिया है। आज न्यायमूर्ति एस.के. द्विवेदी की अदालत में हुई सुनवाई के दौरान अदालत ने मामले की गंभीरता को देखते हुए पूर्व में दी गई अंतरिम राहत को कायम रखा। अधिवक्ता धीरज कुमार ने बताया कि इस मामले की विस्तृत सुनवाई 17 फरवरी को निर्धारित की गई है।

***************

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को पत्र लिखकर रांची से ऋषिकेश तक नई ट्रेन शुरू करने का आग्रह किया है। यह पहल झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स की मांग पर की गई है, जिससे अयोध्या और हरिद्वार जाने वाले श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों को सीधी कनेक्टिविटी मिलेगी।

***************

राज्य में 14वीं जेपीएससी परीक्षा की कट ऑफ वर्ष 1 अगस्त 2026 करने के खिलाफ अभ्यर्थियों ने आयोग कार्यालय के बाहर प्रदर्शन किया। उम्मीदवारों का तर्क है कि 13वीं परीक्षा में कट–ऑफ वर्ष 2017 था, लेकिन इस बदलाव से लाखों युवा अयोग्य हो गए हैं। वे आयु सीमा में छूट की मांग कर रहे हैं।

***************

रांची में यूनिसेफ की गोष्ठी में झारखंड प्रमुख कनिनिका मित्रा ने बताया कि राज्य में बाल विवाह की दर 32 प्रतिशत है, जो अब भी चिंताजनक है। साथ ही, 10 प्रतिशत कम उम्र में मातृत्व के मामले भी सामने आए हैं। उन्होंने बताया कि संस्था शिक्षा और स्वास्थ्य सुधार के लिए राज्य सरकार के साथ मिलकर काम कर रही है।

***************

रांची, देवघर, लोहरदगा, धनबाद और गुमला समेत राज्य के 14 जिलों में फाइलेरिया उन्मूलन को लेकर कल से 25 फरवरी मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन अभियान चलाया जाएगा। रांची के सिविल सर्जन डॉ. प्रभात कुमार एक प्रेस कांफ्रेंस आयोजित कर बताया कि केन्द्र और राज्य सरकार के निर्देशानुसार 31 दिसंबर 2026 तक फाइलेरिया का पूर्ण उन्मूलन का लक्ष्य है, जिसे लेकर जिले में विशेष अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि यह अभियान कांके, सोनाहातू और तमाड़ प्रखंड में चलेगा, जहां नाइट ब्लड सर्वे में फाइलेरिया के मरीज पाए गए हैं। उन्होंने लोगों से फाइलेरिया उन्मूलन अभियान में सहयोग की अपील की।

***************

लोहरदगा में भी फाइलेरिया उन्मूलन के लिए कल से मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन अभियान चलेगा। उपायुक्त डॉ. ताराचंद ने बताया कि 10 फरवरी को बूथ पर और फिर घर–घर जाकर डीईसी और अल्बेंडाजॉल की खुराक दी जाएगी। यह दवा 2 साल से छोटे बच्चों और गर्भवती महिलाओं को नहीं लेनी है।

***************

उधर, गुमला में भी फाइलेरिया उन्मूलन अभियान की तैयारी पूरी कर ली गयी है। सिविल सर्जन डॉ. शंभू नाथ चौधरी ने बताया कि जिले के सभी नागरिकों को दवा दी जाएगी, लेकिन 2 साल से छोटे बच्चों, गर्भवती महिलाओं और गंभीर मरीजों को इससे छूट दी गई है।

***************

धनबाद में कल से 25 फरवरी तक फाइलेरिया उन्मूलन अभियान के तहत 26 लाख लोगों को दवा खिलाने का लक्ष्य है। वीबीडी पदाधिकारी डॉ. सुनील कुमार के अनुसार, जिले में 4 हजार 590 लोग हाथीपांव से ग्रसित हैं। कल 2 हजार 262 बूथों पर दवा पिलाई जाएगी, जिसके बाद घर–घर अभियान चलेगा।

***************

धनबाद के रिकवरी एजेंट अमित मित्तल की लोन सेटलमेंट विवाद में अपहरण के बाद हत्या कर दी गई। पुलिस ने आरोपी विकास खंडेलवाल के घर के किचन से शव बरामद किया। आरोपी ने धारदार हथियार से हत्या की बात कबूली है। धनबाद पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त हथियार और मृतक का मोबाइल जब्त कर लिया है।

***************

गुमला के चंडाली में स्वतंत्रता सेनानी तेलंगा खड़िया की जन्म जयंती पर खड़िया समाज ने उनके समाधि स्थल पर श्रद्धांजलि अर्पित की। समाज ने अंग्रेजों के खिलाफ आदिवासियों और मूलवासियों के हक के लिए लड़ी गई उनकी ऐतिहासिक लड़ाई को याद किया।

***************

राज्य में बर्फीली हवाओं के कारण तापमान में भारी उतार–चढ़ाव जारी है। दिन में पारा 30 डिग्री के पार जा रहा है, जबकि रात में यह 7–10 डिग्री तक गिर रहा है। इस असंतुलन से सर्दी–जुकाम और ब्लड प्रेशर के मरीज बढ़ गए हैं। चिकित्सकों ने लोगों को इस मौसम में सचेत रहने की सलाह दी है।

***************

बंगलुरू में आयोजित 69वीं राष्ट्रीय स्कूली बॉक्सिंग प्रतियोगिता में झारखंड की बेटियों ने दो रजत और एक कांस्य पदक जीते। 45 किलोग्राम वर्ग में जेसिका खेस और 54 किलोग्राम में अमीषा केरकेट्टा ने सिल्वर, जबकि 57 किलोग्राम में नीता रोज तिग्गा ने ब्रोंज मेडल हासिल कर राज्य का मान बढ़ाया।

*******समाप्त********